18/03/2024

आकाशवाणी ईटानगर

लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने आज छह राज्यों के गृह सचिवों और पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को हटा दिया। सूत्रों ने बताया कि गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में गृह सचिवों को हटा दिया गया है। मिजोरम और हिमाचल प्रदेश में सामान्य प्रशासनिक विभाग के सचिवों को भी स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके अलावा, पोल बॉडी ने बृहन्मुंबई नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल के साथ-साथ अतिरिक्त आयुक्तों और उपायुक्तों को हटाने का आदेश दिया है।

00000000000000000000

स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित करने वाले सबसे बड़े आयोजनों में से एक, तीन दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हुआ। इस स्टार्टअप इवेंट का उद्देश्य उद्यम पूंजीपतियों, निवेशकों और संभावित कॉर्पोरेट भागीदारों सहित आविष्कारकों के एक स्पेक्ट्रम के साथ स्टार्टअप को जोड़ना है।

इस आयोजन में सेक्टर-केंद्रित मंडप होंगे जिनमें एआई, बी2बी, एग्रीटेक, डीपटेक, क्लाइमेट टेक, गेमिंग, ई स्पोर्ट्स, फिनटेक, इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर पर मंडप शामिल होंगे। इस स्टार्टअप महाकुंभ में दो हजार से अधिक स्टार्टअप, हजारों निवेशक, 30 हजार भावी उद्यमी, पचास हजार बिजनेस विजिटर, हजारों निवेशक और दस देशों के पांच सौ से अधिक इनक्यूबेटर और विश्वस्तरीय प्रतिनिधिमंडल हिस्सा ले रहे हैं।

0000000000000000000000000

सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक-एसबीआई को आज चुनावी बॉन्ड से संबंधित सभी विवरण की जानकारी देने का निर्देश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने एसबीआई को 21 मार्च तक क्रेता और प्राप्तकर्ता राजनीतिक पार्टी के बीच के संपर्क को दर्शाने वाले यूनिक बॉन्ड नंबरों की भी जानकारी देने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि एसबीआई को बॉन्ड की पूर्ण जानकारी देने की आवश्यकता को लेकर किसी तरह का संदेह नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने एसबीआई के अध्यक्ष को 21 मार्च की शाम 5 बजे तक न्यायालय के समक्ष एक हलफनामा दाखिल करने को कहा है। इस हलफनामा में यह दर्शाया जाना चाहिए कि एसबीआई ने बॉन्ड से संबंधित सभी जानकारी का खुलासा कर दिया है।

000000000000000

अरब सागर में चालीस घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस कोलकाता पकड़े गए पेतीस समुद्री लुटेरों को भारत लाने के लिए तैयार है। नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने पैतीस समुद्री लुटेरों को हिरासत में ले लिया है और बड़े ऑपरेशन के बाद बचाए गए सत्रह चालक दल के सदस्यों के साथ उन्हें भारत लाया जा रहा है। व्यापारिक जहाज को भी भारत लाया जा रहा है। यह जहाज लगभग सैतीस हजार आठ सौ टन माल ले जा रहा है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग दस लाख डॉलर है।

00000000000000

भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना के तहत भर्ती वर्ष 2024-25 के लिए अग्निवीर के रूप में चयन के लिए अविवाहित अरुणाचली पुरुष उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 22 मार्च 2024 है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

0000000000000000

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी-**एनटीए** पहले से घोषित तारीखों के अनुसार 15 से 31 मई के बीच **सीयूईटी-यूजी** की परीक्षा आयोजित करेगी। इस अवधि में, दो तारीखें 20 और 25 मई को आम चुनाव की तारीखों के बीच पड रही हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-**यूजीसी** के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 26 मार्च को आवेदन भरने की अंतिम तिथि के बाद, सीयूईटी-यूजी के लिए पंजीकृत छात्रों की **संख्या और पूरे डेटा** के बारे में पता चल जाएगा। उन्होंने कहा कि इस डेटा और चुनाव की तारीखों के आधार पर, एनटीए 15 से 31 मई के बीच सीयूईटी-यूजी परीक्षा की तारीखों की घोषणा करेगा।

000000000000000

मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सैन ने आज ईटानगर के निर्वाचन भवन स्थित सीईओ कार्यालय में सभी राज्य नोडल अधिकारियों और राज्य पुलिस नोडल अधिकारियों के साथ एक संयुक्त समीक्षा बैठक की। आगामी एक साथ चुनाव को ध्यान में रखते हुए समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

सीईओ ने राज्य नोडल अधिकारियों और राज्य पुलिस नोडल अधिकारियों की व्यापक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला और सभी हितधारकों से अनुरोध किया कि वे अपनी सौंपी गई भूमिकाओं को लगन से निभाएं और तत्काल प्रभाव से जिले के सभी डीईओ और एसपी के साथ पूर्ण समन्वय स्थापित करें।

00000000000

ओजु वेलफेयर एसोसिएशन और अरुणाचल प्रदेश महिला कल्याण सोसायटी केंद्र नाहरलागुन में रविवार को पढ़ना लिखना अभियान के तहत न्यू इंडिया साक्षरता कार्यक्रम मूल्यांकन परीक्षा 2023-24 में आयोजित की गई।पढ़ना लिखना अभियान मुख्य रूप से बुनियादी साक्षरता प्रदान करके भारत से निरक्षरता के पूर्ण उन्मूलन पर केंद्रित है। अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश वयस्क शिक्षार्थी महिला विक्रेता हैं, जिन्होंने पहले अपनी औपचारिक शिक्षा छोड़ दी है। कुल मिलाकर, ओजु वेलफेयर एसोसिएशन नाहरलागुन केंद्र से 26 और अरुणाचल प्रदेश महिला कल्याण सोसायटी नाहरलागुन केंद्र से 12 अभ्यर्थी मूल्यांकन परीक्षा में शामिल हुए।

0000000000000